# COVID-19 टीके और प्रजनन स्वास्थ्य
## अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

Vaccinate WA
CovidVaccineWA.org

इस बारे में चिंता होना सामान्य है कि COVID-19 के टीकों का प्रजनन स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ सकता है। Centers for Disease Control and Prevention (CDC, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) का सुझाव है कि 6 माह और उससे बड़े हर व्यक्ति को COVID-19 के टीके लगाए जाएँ। इनमें वे भी शामिल हैं जो अभी गर्भ धारण करने की कोशिश कर रही हैं या भविष्य में गर्भवती हो सकती हैं । फिलहाल इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि COVID-19 के टीके सहित किसी भी टीके के कारण, अभी या भविष्य में प्रजनन संबंधी समस्याएं होती हैं।

प्रजनन संबंधी अपने पिछले संघर्ष, अश्वेत लोगों के साथ हुए नस्लवादी भेदभाव का ऐतिहासिक घाव या महिलाओं/ट्राँस पुरुषों और महिलाओं/लिंग की पुष्टि न करने वाले लोगों की स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों की आम नज़रंदाज़ी के चलते कुछ पाठकों के लिए इस दस्तावेज़ में दिए गए विषय संवेदनशील हो सकते हैं।

**COVID-19 और प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े कुछ सामान्य सवालों के जवाब जानने के लिए नीचे दी गई जानकारी देखें।**

### *प्रश्न: क्या COVID-19 के टीके से मेरी बच्चे पैदा करने की क्षमता प्रभावित होगी?*

***उत्तर:*** इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि COVID-19 के टीके सहित किसी भी टीके के कारण, किसी भी लिंग/जेंडर की प्रजनन क्षमता प्रभावित होती है। टीके आपके शरीर के इम्यून सिस्टम को कोरोनावायरस से लड़ने के लिए तैयार करते हैं और आपके प्रजनन अंगों को प्रभावित नहीं करते हैं। COVID-19 के टीकों के क्लीनिकल ट्रायल्स में और गर्भधारण की कोशिश कर रहे जोड़ों पर हुए बड़े पैमाने के अध्ययन से पता चलता है कि COVID-19 के टीके लगवाने वाले और न लगवाने वाले लोगों में गर्भवती होने की दर समान थी। COVID-19 टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं। Centers for Disease Control and Prevention (CDC), American College of Obstetricians and Gynecologists (ACOG, अमेरिकन कॉलेज ऑफ ऑब्टेट्रिशियन एंड गाइनेकोलॉजिस्ट) और Society for Maternal-Fetal Medicine (SMFM, सोसाइटी फॉर मैटरनल-फेटल मेडिसिन) उन महिलाओं के लिए COVID-19 के टीके की सलाह देते हैं जो गर्भवती हैं, स्तनपान करा रही हैं या गर्भवती होने की योजना बना रही हैं।

कोविड के टीके की सलाह क्यों दी जा रही है, इस बारे में डॉक्टर LaSalle के विचार जानने के लिए इस लिंक पर जाएँ: प्रजनन क्षमता और COVID-19 के टीके - YouTube

### *प्रश्न: क्या टीका मेरे मासिक धर्म की साइकल को बदल देगा?*

***उत्तर:*** COVID-19 टीका लगवा चुकी कुछ महिलाओं ने टीका लगवाने के बाद मासिक धर्म के साइकल में बदलाव रिपोर्ट किए, जैसे कि लंबे समय तक मासिक धर्म आना, कम अंतराल में मासिक धर्म आना या सामान्य से ज़्यादा खून आना। 2022 के एक अध्ययन में, यह सामने आया कि जिन महिलाओं ने मासिक धर्म के दौरान COVID-19 का टीका लगवाया, उनका खुराक के आस-पास वाले समय में मासिक धर्म लगभग एक दिन ज्यादा रहा। एक दिन का बढ़ना, मासिक धर्म के साइकल में होने वाले सामान्य बदलाव हैं। मासिक धर्म साइकल में इन संभावित अस्थाई बदलावों के बावजूद, **इसका कोई सबूत नहीं है कि COVID-19 के टीकों के कारण प्रजनन संबंधी समस्याएँ होती हैं**। आपके साइकल में बदलाव से आपके ओवुलेशन के समय में भी बदलाव हो सकता है। जो लोग प्राकृतिक परिवार नियोजन और साइकल ट्रैक करने पर निर्भर रहने वाले अन्य उपायों का उपयोग करते हैं उन्हें ओवुलेशन का सटीक पता लगाने और गर्भवती होने/गर्भावस्था की योजना बनाने में दिक्कत आ सकती है। अपने साइकल के बारे में चर्चा करने और परिवार नियोजन के बारे में अधिक जानने के लिए अपने डॉक्टर से बात करें।

### *प्रश्न: क्या COVID-19 का टीका गर्भ निरोधक पर असर डाल सकता है?*

***उत्तर:*** Planned Parenthood के अनुसार, इसका कोई सबूत नहीं है कि COVID-19 का टीका गर्भ निरोधक को कम या ज़्यादा प्रभावी बनाता है। इस समय, टीका लगवाने वाले लोगों की तरफ़ से ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं आई है कि टीका लगवाने के बाद उनके गर्भ निरोधक ने काम करना बंद कर दिया है। हालाँकि, मासिक धर्म के साइकल में बदलाव की रिपोर्ट्स मौजूद हैं, लेकिन इससे इस पर कोई असर नहीं पड़ता है कि किसी व्यक्ति का जन्म निरोधक कितना सही काम करता है। यह मासिक धर्म का साइकल और ओवुलेशन की अवधि का पता लगाने में मुश्किल पैदा कर सकता है; प्राकृतिक गर्भ निरोधक, जैसे कि प्रजनन क्षमता की जानकारी रखने वाला उपाय अपनाने वाले लोगों को यह पता करने में मुश्किल हो सकती है कि वे कब ओवुलेट कर रहे हैं। कुछ टूल हैं जो ओवुलेशन को ट्रैक करने में लोगों की मदद कर सकते हैं। यह सुझाव दिया जाता है कि आप अपने विकल्पों और अन्य चीज़ों के बारे में जानने के लिए अपने डॉक्टर से बात करें।

## *प्रश्न: क्या टीका शुक्राणु को प्रभावित कर सकता है और/ या नपुंसकता का कारण बन सकता है?*

**उत्तर:** ऐसा कोई सबूत नहीं है जो दिखाता हो कि COVID-19 के टीके सहित किसी भी टीके के कारण, इस समय पुरुषों में बाँझपन या नपुंसकता हो सकती है। mRNA COVID-19 टीका लगवा चुके 45 स्वस्थ लोगों पर किए गए एक अल्पकालीन हालिया अध्ययन में टीका लगने से पहले और बाद में शुक्राणु विशेषताओं, जैसे मात्रा और गति पर शोध किया। शोधकर्ताओं ने टीकाकरण के बाद इन शुक्राणु विशेषताओं में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं पाया। इसके अलावा, एक अध्ययन में पता लगा कि COVID-19 संक्रमण का संबंध पुरुषों में संक्रमण के 60 दिन बाद तक प्रजनन क्षमता में कमी से हो सकता है। किसी भी बीमारी की वजह से बुखार आने और COVID-19 के सामान्य लक्षण की वजह से संभावित तौर पर शुक्राणु बनने में थोड़े समय के लिए कमी आ सकती है। हालाँकि, बुखार COVID-19 वैक्सीनेशन का एक दुष्प्रभाव हो सकता है, लेकिन इस बात का कोई मौजूदा प्रमाण नहीं है कि कोविड-टीकाकरण के बाद बुखार शुक्राणु उत्पादन को प्रभावित करता है। यदि आपकी कोई अन्य चिंताएँ हैं, तो अपने डॉक्टर से बात करें।

## *प्रश्न: क्या टीकाकरण से IVF (इन विट्रो फ़र्टिलाइज़ेशन) उपचार पर असर पड़ता है?*

**उत्तर:** ऐसा कोई सबूत नहीं है जो दिखाता हो कि COVID-19 टीका IVF उपचार करा रहे लोगों के परिणाम पर असर डालता है। अध्ययनों में IVF की सफ़लता की दर पर COVID-19 mRNA टीके का कोई असर सामने नहीं आया। एक अध्ययन में टीका लगवा चुके लोगों की तुलना में गैर-टीकाकृत लोगों में ओवरी के स्टिमुलेशन, अंडे की गुणवत्ता, भ्रूण के विकास या गर्भावस्था के परिणाम कोई खास अंतर नहीं मिला। COVID-19 टीकों का न तो प्रजनन क्षमता पर कोई असर सामने आया, ना ही पहले से गर्भधारण में समस्या का सामना कर रहे लोगों की समस्या में बढ़ोतरी दिखी। गर्भावस्था के दौरान और उससे पहले कई टीके नियमित और सुरक्षित रूप से लगाए जाते हैं, जैसे कि फ़्लू, टेटनस और डिप्थीरिया के टीके। COVID-19 टीका, 6 माह और उससे बड़े सभी लोगों को लगाने का सुझाव दिया जाता है, इसमें गर्भधारण की तैयारी कर रहे लोग भी शामिल हैं।

## *प्रश्न: क्या COVID-19 टीके से गर्भपात हो सकता है?*

**उत्तर:** नहीं, गर्भावस्था से पहले, गर्भावस्था के दौरान और बाद के समय में COVID-19 का टीका लगवाना सुरक्षित है। इसका कोई सबूत नहीं है कि COVID-19 के टीके लगवाने से गर्भपात का खतरा बढ़ता है। COVID-19 का टीकाकरण कराने वाले लोगों में गर्भपात की दर में कोई बढ़ोतरी नहीं पाई गई।

लोग जितना सोचते हैं, गर्भपात की दर उससे अधिक है, लगभग 10 से 20 प्रतिशत गर्भावस्थाओं में गर्भपात हो जाता है। टीका लगवा चुके कुछ लोगों का गर्भपात हो सकता है, लेकिन यह टीके की वजह से नहीं होगा। टीकाकरण की स्थिति चाहे जो हो, गर्भपात हो सकता है। दरअसल, गर्भावस्था के शुरुआती दौर में ही गंभीर COVID-19 से संक्रमित होने वाले लोगों में गर्भपात का खतरा बढ़ जाता है। टीकाकरण आपके और आपके बच्चे के लिए, COVID-19 के खिलाफ सबसे अच्छी सुरक्षा है।

### *संसाधन*


Centers for Disease Control and Prevention, “COVID-19 Vaccines for People Who Would Like to Have a Baby”. 2022. ऑनलाइन उपलब्ध है: COVID-19 Vaccines for People Who Would Like to Have a Baby | CDC

American College of Obstetricians and Gynecologists, ‘COVID-19 Vaccination Considerations for Obstetric-Gynecologic Care”. 2022. ऑनलाइन उपलब्ध है: COVID-19 Vaccination Considerations for Obstetric–Gynecologic Care | ACOG

World Health Organization, “Questions and Answers: COVID-19 vaccines and pregnancy.” 2022. ऑनलाइन उपलब्ध है: Questions and Answers: COVID-19 vaccines and pregnancy (who.int)

Mount Sinai, “Large Study Provides Reassurance that COVID-19 Vaccination Does Not Affect Fertility or Early Pregnancy.” 2022. ऑनलाइन उपलब्ध है: Large Study Provides Reassurance that COVID-19 Vaccination Does Not Affect Fertility or Early Pregnancy | Mount Sinai - New York


***निजी मेडिकल फ़ैसलों के लिए हमेशा अपने भरोसेमंद डॉक्टर से सलाह लें।***


Washington State Department of Health

DOH 825-053 July 2022 Hindi

इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने के लिए 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।